ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक 04.12.2020**

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत चलाये जा रहे पॉयलेट वार्ड कार्यक्रम पूर्ण रुप से मो0 खिरनीबाग में सम्पन्न हुआ।**

1– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु किये जा रहे प्रयास में नगर निगम शाहजहॉपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत कार्यकम चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत पायलट वार्ड खिरनीबाग में कुल पॉच समितियों का गठन किया गया। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल स्वच्छता समिति (काली बाडी, बाल्मीकि कालोनी, टीचर्स कालोनी),पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वच्छता समिति(इदिंरा नगर कालोनी), कवि अग्निवेश शुक्ला स्वच्छता समिति (क्रिस्टेन कालोनी, केशवनगर कालोनी, सेठ इनक्लेव एंव कृष्णा रेसीडेंसी), बाबा विश्वनाथ स्वच्छता समिति (गोविंद गंज चर्च कालोनी)है, एवं दिनांक 29 नवंबर 2020 को जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विकम सिंह जी, शाहजहॉपुर के नेतृत्व में पांचवी समिति ऑफिसर्स कॉलोनी स्वच्छता समिति का गठन किया गया, जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 04 दिसंबर 2020 को डोर–टूॅ–डोर कलेक्शन का कार्य प्रारम्भ किया गया, सभी समितियों द्वारा डोर–टू–डोर कलेक्शन का कार्य कराया जा रहा है एंव कूडे के संग्रहण हेतु उपभोगता शुल्क का निर्धारण भी किया गया। उपयोगिता शुल्क प्रत्येक उपभोक्ता को देना अनिवार्य होगा। वर्तमान में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति पॉयलेट के रुप में खिरनीबाग मे सर्वप्रथम अपनाई गयी है। इसी प्रकार प्रत्येक वार्ड में इस प्रबंनधन नीति को अपनाया जाना है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश राज्य रिसोर्स सेंटर फॉर वेस्ट मैनेजमेंट से श्री अखिलेश गौतम के नेतृत्व में क्षेत्रीय टीम से नगरीय समन्वयक (क्षेत्रीय) श्री वरदान मेहरोत्रा, श्री शुभम मिश्रा एंव श्री विशाल प्रताप सिंहएंव निगम की ओर से ऐनीमेटर्स अजय कश्यप, सुनैना कनौजिया, नैन्सी कनौजिया, प्रियंका कनौजिया एंव पवन मिश्रा द्वारा अथक प्रयास एंव सहायोग किया गया। इस कार्यकम में स्थानीय नागरिको द्वारा सकिय भागीदारी की जा रही है।

उप नगर आयुक्त
नगरनिगम,शाहजहॉपुर

Generated by CamScanner